सुविचार

मुस्कुराना एक ऐसा उपहार है, जो बिना मोल के भी अनमोल है।

# दैनिक पंचकूला ऑब्जर्वर

सच की सीधी आवाज

वर्ष : 1 | अंक : 12 | पंचकूला। सोमवार, 16 फरवरी 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4

## अरुण ग्रोवर ने भाजपा हरियाणा की उपाध्यक्ष श्रीमती बंतो कटारिया का किया अभिनंदन

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय नेतृत्व को सम्मानित करने की कड़ी में अमार्टेक्स ग्रुप के सीएमडी एवं उद्योगपति अरुण ग्रोवर ने भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की उपाध्यक्ष Smt. Banto Kataria से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर अरुण ग्रोवर ने उन्हें शॉल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया तथा प्रदेश में संगठनात्मक सुदृढ़ता और जनसेवा के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि बंतो कटारिया का नेतृत्व अनुभव, समर्पण और समाज के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो हरियाणा की राजनीति में एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करता है। भेंटवार्ता के दौरान प्रदेश के औद्योगिक विकास, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। यह मुलाकात उद्योग और राजनीति के बीच सहयोग, सम्मान और संवाद की सशक्त मिसाल के रूप में देखी जा रही है।



# महाशिवरात्रि पर पंचकूला में भगवान शिव की 55 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सेक्टर-12ए स्थित भगवान परशुराम भवन में भगवान शिव की 55 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा की विधि-विधानपूर्वक स्थापना की गई। इस ऐतिहासिक और आध्यात्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरा परिसर शिव भक्ति के जयकारों से गूंज उठा।

प्रतिमा स्थापना के उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चारण के साथ वातावरण पूर्णतः भक्तिमय बना रहा।

इस संबंध में जागृत ब्राह्मण सभा, पंचकूला के संयोजक विकास कौशिक ने बताया कि इस पुण्य कार्य का सौभाग्य सरोज दत्ता एवं डॉ. मीना दत्ता को प्राप्त हुआ। उनके सहयोग, समर्पण और श्रद्धा से यह दिव्य कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



उन्होंने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ती है और लोगों में धर्म के प्रति आस्था मजबूत होती है। सभा ने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं और शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया।

### शिव भक्तों के लिए दूध-फल का विशाल भंडारा

**पंचकूला।** प्रसिद्ध धार्मिक संस्था माता मनसा देवी सेवा ट्रस्ट की ओर से पावन पर्व महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार को माता मनसा देवी मंदिर के प्रांगण में शिव भक्तों के लिए दूध एवं फलों का विशाल भंडारा लगाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। ट्रस्ट के चेयरमैन संदीप गुप्ता,



प्रधान सचिन गोयल तथा महासचिव रमन सिंगला ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया जाता है। उन्होंने जानकारी दी कि इस वर्ष श्रद्धालुओं के लिए लगभग पांच क्विंटल दूध और पांच क्विंटल फलों का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट से संदीप गुप्ता, रमन सिंगला, सचिन गोयल, दिनेश गुप्ता, समाजसेवी अमित जिंदल, समाजसेवी प्रदीप गोयल, कुलदीप गुप्ता सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त अजय मित्तल, दिनेश आनंद, माता मनसा देवी बोर्ड से एच.सी. गुप्ता, अजय बंसल, माता मनसा देवी निष्काम सेवा ट्रस्ट के प्रधान संजीव कुमार, विपुल मित्तल, परमिंदर बंसल, मुनीश गोयल, कुलभूषण जिंदल, गुरचरण सिंह तथा अन्य ट्रस्टी व सदस्य भी मौजूद रहे। भंडारे के सफल आयोजन में श्रद्धालुओं ने सेवा भाव से भाग लिया और पूरे वातावरण में भक्ति व उत्साह का माहौल बना रहा।

## गर्व : पीएम मोदी ने असम में पंचकूला की एसपीएस कंस्ट्रक्शन इंडिया द्वारा निर्मित पुल का किया उद्घाटन

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** पंचकूला के लिए यह एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण अवसर है, जब पूर्वोत्तर भारत की सबसे महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना परियोजनाओं में पंचकूला की कंपनी ने अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज कराई है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम में ब्रह्मपुत्र नदी पर निर्मित भव्य कुमार भास्कर वर्मा सेतु का उद्घाटन कर राज्य को ?3,030 करोड़ की बड़ी सौगात दी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के निर्माण में पंचकूला स्थित एसपीएस कंस्ट्रक्शन इंडिया ने अहम भूमिका निभाई है।

यह सेतु असम की जीवनरेखा कही जाने वाली ब्रह्मपुत्र नदी पर बनाया गया है और यह गुवाहाटी तथा नार्थ गुवाहाटी को आपस में जोड़ता है।

इसके शुरू होने से क्षेत्र की कनेक्टिविटी को नई मजबूती मिलेगी और आम लोगों को तेज़, सुरक्षित तथा सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी।

कंपनी के डायरेक्टर रोहित सिंगल ने फोन पर जानकारी देते हुए बताया कि यह परियोजना उनके लिए अत्यंत गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि पंचकूला की एक कंपनी द्वारा पूर्वोत्तर भारत की इतनी बड़ी और तकनीकी रूप से जटिल परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा करना न केवल हरियाणा बल्कि विशेष रूप से पंचकूला के लिए सम्मान की बात है।

**3,030 करोड़ की परियोजना, नार्थ ईस्ट का पहला एक्सट्राडोज़्ड पुल :** करीब ?3,030 करोड़ की लागत से निर्मित यह 6-लेन एक्सट्राडोज़्ड प्रेस्ट्रेस्ड कंक्रीट (पीएससी) पुल नार्थईस्ट इंडिया का पहला एक्सट्राडाज्ड पुल है। इसके चालू होने से गुवाहाटी और नॉर्थ गुवाहाटी के बीच यात्रा समय में लगभग 7 मिनट की कमी आएगी, जिससे रोज़ाना आवागमन करने वाले हजारों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।



### अत्याधुनिक तकनीक और सुरक्षा मानक

असम के भूकंपीय क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए इस सेतु में फ्रिक्शन पेंडुलम बेयरिंग के जरिए बेस आइसोलेशन टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया है, ताकि भूकंप की स्थिति में संरचना सुरक्षित रह सके। लंबे समय तक मजबूती और टिकाऊपन सुनिश्चित करने के लिए हाई-परफॉर्मेंस स्टे केबल लगाए गए हैं।

इसके साथ ही पुल पर ब्रिज हेल्थ मॉनिटरिंग सिस्टम (ब्रास्स) भी स्थापित किया गया है, जो रियल-टाइम कंडीशन मॉनिटरिंग, संभावित क्षति की समय रहते पहचान और बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायक होगा।

### पंचकूला के लिए सम्मान, पूर्वोत्तर के लिए विकास

काबिले जिक्र है कि प्रधानमंत्री द्वारा असम को दी गई ?3,030 करोड़ की सौगात में पंचकूला की भागीदारी क्षेत्र के लिए सम्मान और उपलब्धि का प्रतीक है। यह सेतु न केवल बुनियादी ढांचे को सशक्त करेगा, बल्कि पूर्वोत्तर भारत के आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक विकास को भी नई गति प्रदान करेगा।

## पाक पर जीत, चंडीगढ़ में मना जश्न



भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को 61 रन से हरा दिया। टूर्नामेंट के इतिहास में यह भारत की पाकिस्तान पर रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। इसी जीत का जहां पूरे देश में जश्न मना, वहीं चंडीगढ़ में भी लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर भारत को बैटिंग के लिए आमंत्रण दिया है। भारत ने 7 विकेट के नुकसान पर 175 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान 114 रन पर ही ढेर हो गई।

## पंचकूला की सब्जी मंडियों में 'अवैध वसूली गैंग' का खेल स्ट्रीट वेंडर एक्ट धरे रह गए, गरीब रेहड़ी-फड़ी वालों का हो रहा शोषण

**पंचकूला।** शहर में अलग-अलग स्थानों पर लगने वाली सब्जी मंडियों को लेकर बड़ा खुलासा सामने आया है। नियमों को दरकिनार कर यहां वेंडर्स का संगठित तरीके से शोषण किए जाने का सनसनीखेज मामला उजागर हुआ है। स्ट्रीट वेंडर एक्ट के तहत जहां इन मंडियों में बैठने वाले हर विक्रेता का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है, वहीं हकीकत यह है कि एक भी वेंडर विधिवत पंजीकृत नहीं है।

सूत्रों के मुताबिक ÷किसान मंडी÷ के नाम पर चल रही इन अस्थायी बाजारों में कोई भी किसान नहीं है किसानों के बजाय अन्य सामान बेचने वाले वेंडर सक्रिय हैं। आरोप है कि मंडियों में एक मिला-जुला गिरोह काम कर रहा है, जो गरीब रेहड़ी-फड़ी वालों से अवैध वसूली कर रहा है। वेंडर्स का कहना है कि उनसे छतरी लगाने, टेबल(फट्टा) लगाने, लाइट देने, पालिथीन और देने के नाम पर बाजार दर से कहीं



ज्यादा पैसे वसूले जाते हैं।और जो स्ट्रीट वेंडर इनसे ये सामान नहीं लेते उनको ले लोग परेशान करते है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह वसूली प्रतिदिन के हिसाब से हो रही है। सूत्र बताते हैं कि एक-एक वेंडर से रोजाना 500 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। जबकि स्ट्रीट वेंडर एक्ट के प्रावधानों के अनुसार केवल रजिस्टर्ड स्ट्रीट वेंडर्स से ही सरकार द्वारा निर्धारित मासिक शुल्क ही लिया जा सकता है। पीड़ित वेंडर्स ने कई बार शिकायतें भी दीं कि उनका भी रजिस्ट्रेशन किया जाए लेकिन आरोप है कि राजनीतिक संरक्षण के चलते अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। वेंडर्स का कहना है कि वे नगर निगम से लाइसेंस बनवाने के लिए कई बार आग्रह कर चुके हैं। जब भी निगम कर्मचारी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू करने मंडी में पहुंचते हैं, दबंग तत्व उन्हें भगा देते हैं। हाल ही में भी ऐसा ही एक मामला सामने आया, जब कर्मचारियों को लाइसेंस बनाने से रोक दिया गया और वेंडर्स को दस्तावेज जमा करने तक नहीं दिए गए।



## गांव अभयपुर में खीर और फल का भंडारा लगाया

**पंचकूला।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर वार्ड नंबर 10 गांव अभयपुर के प्राचीन मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का विशेष माहौल देखने को मिला। मंदिर परिसर में खीर और केले का लंगर लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस सेवा कार्य का आयोजन पूर्वांचल के युवा नेता अंकुश निषाद के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के दौरान भक्तों को फल एवं दूध भी वितरित किया गया। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। भजन-कीर्तन और ÷हर हर महादेव÷ के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। अंकुश निषाद ने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व हमें सेवा, समर्पण और भाईचारे का संदेश देता है। इस अवसर पर जरूरतमंदों और श्रद्धालुओं की सेवा करना ही सच्ची शिव भक्ति है। इस आयोजन में जितेंद्र कुशवाहा, संजीव जायसवाल, राहुल यादव, मनप्रीत शर्मा, अभिजीत, सोनू, जैकी, आकाश, प्रिंस और विवेक सहित अन्य युवाओं ने बढ़-चढ़कर सहयोग दिया। सभी के सामूहिक प्रयास से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## बबीता चौहान के नेतृत्व में गांव सकेतड़ी 7वां भंडारा का आयोजन



**पंचकूला।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम सकेतड़ी में श्री महादेव सेवा दल द्वारा सातवें विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था प्रकट की तथा प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बबीता चौहान एवं अनिल चौहान की गरिमामयी उपस्थिति रही। श्री महादेव सेवा दल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों मुख्य अतिथियों का पुष्पमालाओं से हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्य अतिथियों ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में भाईचारा, प्रेम और सद्भाव को सुदृढ़ करते हैं। इस सफल आयोजन में सेवा दल के समर्पित कार्यकर्ताओं – सोनू, रमेश, गुंजन, काका, कपिल शर्मा, मिंटू, वीली, अमन विश्वास, गोलू, अर्जुन, हरजिंदर साईं और सुशील सैनी – ने सक्रिय भूमिका निभाई। सभी कार्यकर्ताओं ने भंडारे की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

भागवत कथा

द्वारिका धाम दिव्य प्रेम, समृद्धि और ऐतिहासिक रहस्यों का संगम

# कृष्ण रुक्मणि विवाह निस्वार्थ प्रेम और शरणागति की पराकाष्ठा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** श्री कृष्ण और रुक्मणि विवाह एक दिव्य प्रेम कहानी है जहां विदर्भ की राजकुमारी रुक्मणि ने अपने मंगेतर शिशुपाल के साथ पूर्व निर्धारित विवाह के विरुद्ध श्री कृष्ण को संदेश भेज कर अपने सच्चे प्रेम को सिद्ध किया और द्वारका में पूरे हर्षोल्लास के साथ श्री कृष्ण ने रुक्मणि को अपनी मुख्य पटरानी के रूप में विवाह किया जो आत्मा का परमात्मा से मिलन था।

यह प्रवचन प्रसिद्ध कथावाचक परम पूज्य गुरुदेव स्वामी राम जी दास वशिष्ठ जी ने अपने मुखारविंद से श्री सनातन धर्म मंदिर सभा के 28 वें वार्षिक मूर्ति स्थापना उत्सव के पांचवें दिवस की कथा के दौरान व्यक्त किए।



कथा में स्वामी जी ने कृष्ण-गोपी संवाद का विशेष उल्लेख करते हुए बताया कि कृष्ण गोपी संवाद मुख्य रूप से प्रेम वियोग और आध्यात्मिक समर्पण को दर्शाता है। मथुरा जाने के बाद जब कृष्ण उद्धव को ज्ञान का संदेश दे कर भेजते हैं तब गोपियां उद्धव के निर्गुण ज्ञान को नकार कर कृष्ण प्रेम को सर्वोच्च बताते हुए उद्धव से कहती हैं कि ÷ मन न भए दस बीस, एक हुतु सो गयो श्याम संग....÷( हमारे पास दस बीस मन नहीं हैं, एक ही था जो कृष्ण के साथ चल गया।

कथावाचक स्वामी राम जी दास वशिष्ठ ने द्वारकाधीश श्री कृष्ण का पूरी आत्मीयता से गुणगान करते हुए कहा कि द्वारकाधीश (श्री कृष्ण) की महिमा अपार है; उन्हें %मोक्ष का द्वार%, जगत मंदिर और द्वारकाधीश यानी द्वारका का राजा कहा जाता है, जो भक्तों के समस्त पाप नष्ट कर मोक्ष देते हैं. भगवान कृष्ण द्वारा बसाई गई यह सोने की नगरी चार धामों में से एक है, जो दिव्य प्रेम, समृद्धि और ऐतिहासिक रहस्यों का ऐसा संगम है जहां दर्शन करने मात्र से पापों का नाश होता है और आत्मा को शांति मिलती है.

उन्होंने बताया कि भगवान कृष्ण ने मथुरा छोड़ने के बाद समुद्र से भूमि लेकर यह अद्भुत %सोने की नगरी% बसाई थी।

आज रविवार को महाशिवरात्रि के पर्व पर आचार्य श्री राम जी दास वशिष्ठ ने इस पावन उत्सव के बारे श्रद्धालुओं को बताया कि फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को मनाई जाने वाली महाशिवरात्रि भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की रात, शिवजी का ज्योतिर्लिंग के रूप में प्राकट्य दिवस और आदि गुरु शिव के ध्यान में स्थिर होने का पर्व है। आचार्य ने कहा कि यह पवित्र पर्व हमें सत्य, संयम, श्रद्धा और सकारात्मकता का संदेश देता है। महाशिवरात्रि केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अवसर है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि आज महाशिवरात्रि के पुनीत अवसर पर आज प्रातः 4 बजे से भगवान शिव की आराधना के लिए मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हुई थी और मंदिर सभा की ओर से भक्तजनों के लिए केले, बेर और स्वादिष्ट दूध का प्रसाद वितरण किया गया था।

कथा समापन पर इस वार्षिक मूर्ति स्थापना उत्सव पर मंदिर सभा द्वारा अमूल्य सहयोग देने वाले दानी सज्जनों को पूरे सम्मान सहित सम्मानित किया गया।

मंदिर सभा द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण और स्वादिष्ट भंडारा वितरित किया गया जिसे भक्तजनों ने पूरे आनंद के साथ ग्रहण किया।

अमलाला में दुमाला-पगड़ी मुकाबला, सैकड़ों युवाओं ने विरासत से जोड़ा नाता

# पगड़ी हमारी समृद्ध विरासत और गर्व की पहचान : गुरदर्शन सिंह सैनी

पंचकूला ऑजर्वर न्यूज़



**डेरा बस्सी।** युवा पीढ़ी को अपनी समृद्ध विरासत से जोड़ने के मकसद से सिख विरसा संभाल कमेटी पुआध की तरफ से गांव अमलाला की बाबा मोती राम मेहरा जी धर्मशाला में एक बड़ा दुमाला और पगड़ी कॉम्पिटिशन आयोजित किया गया। 'पगड़ी ही मेरी पहचान है' नारे के साथ आयोजित इस इवेंट में सैकड़ों बच्चों और युवाओं ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया।

इस मौके पर सीनियर भाजपा लीडर और जाने-माने समाजसेवी श्री गुरदर्शन सिंह सैनी चीफ गेस्ट के तौर पर शामिल हुए। उन्होंने कहा कि पगड़ी सिर्फ पांच या सात मीटर का कपड़ा नहीं है, बल्कि यह सिख धर्म की शान, सम्मान और गर्व की पहचान है। उन्होंने कमेटी की इस पहल की तारीफ़ की और कहा कि ऐसे कॉम्पिटिशन बच्चों में अपने धर्म और विरासत के लिए सम्मान पैदा करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

इस मौके पर कॉम्पिटिशन को दो एज ग्रुप में बांटा गया था, जिसमें पहली कैटेगरी 7 से 13 साल (बच्चों के लिए) और दूसरी कैटेगरी 14 से 30 साल तक की थी। इन कॉम्पिटिशन में जज की भूमिका टर्बन कोच पाली इस्सापुर और राइटर और जर्नलिस्ट हैप्पी पंडवाला, जगदीप सिंह जग्गी औजला और ज्ञानी सुखचैन सिंह ने निभाई। उन्होंने पगड़ियों व पेंचों को ध्यान से देखा और पहले, दूसरे और तीसरे नंबर पर आने वाले कंटेस्टेंट को चुना।

टर्बन कॉम्पिटिशन की 13 साल तक की कैटेगरी में पहला इनाम एकमजीत सिंह, दूसरा जसप्रीत सिंह, तीसरा दिलप्रीत सिंह को दिया गया। 13 से 30 साल के कॉम्पिटिशन में प्रियांशु वर्मा पहले, हरमनप्रीत सिंह दूसरे और जसदीप सिंह तीसरे नंबर पर रहे। इसी तरह, दुमाला मुकाबले में 13 साल तक के बच्चों में मनतेज सिंह पहले, हरगुन कौर दूसरे और करमजीत सिंह तीसरे स्थान पर रहे। 13 साल से ज़्यादा उम्र की कैटेगरी में जसप्रीत सिंह पहले, मनवीर सिंह दूसरे और इकबाल सिंह तीसरे स्थान पर रहे। लड़कियों के दुमाला मुकाबले में हुशनप्रीत कौर पहले, हर्षप्रीत कौर दूसरे और खुशप्रीत कौर तीसरे स्थान पर रहीं।

ऑर्गनाइज़र्स ने विजेताओं की हिम्मत बढ़ाई और पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले कंटेस्टेंट्स को क्रमशः 5100, 3100 और 2100 के कैश प्राइज़, सर्टिफिकेट और यादगार चीज़ें देकर सम्मानित किया। करनप्रीत सिंह और जसप्रीत सिंह को गुरमुखी स्टाइल में अपनी पगड़ी सजाने के लिए खास तौर पर सम्मानित किया गया।

## तलवार से हमला, निहंग के हाथ का अंगूठा कटा, हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

**जीरकपुर** बलटाना में हरमिलाप नगर स्थित एक मकान में शराब के दौरान हुए विवाद ने खूनी रूप ले लिया। निहंग सिंह सुखमंदर सिंह (34), निवासी ग्राम नागरा, उप-जिला भवानीगढ़, जिला संगरूर, पर उसके मित्र हरजोत सिंह ने तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में सुखमंदर सिंह के बाएं हाथ का अंगूठा अलग हो गया और शरीर के अन्य हिस्सों पर भी गंभीर चोटें आई हैं। घायल के बयान के अनुसार, 13 फरवरी 2026 की शाम करीब 7:30 बजे वह हरजोत सिंह के घर पहुंचा था। दोनों के बीच बातचीत के दौरान हरजोत सिंह ने कथित तौर पर गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। रात करीब 10 बजे जब सुखमंदर सिंह वहां से जाने लगा तो आरोपी ने उसे कमरे में घेर लिया और तलवार से हमला कर दिया। बचाव में हाथ उठाने पर उसका अंगूठा कट गया। इसके बाद आरोपी ने शरीर और पैरों पर भी कई वार किए। घायल को पहले ढकोली के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे गवर्नमेंट हॉस्पिटल सेक्टर 32 चंडीगढ़ रेफर किया गया। वहां प्राथमिक जांच के बाद उसे पीजीआई चंडीगढ़ भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों ने घायल की स्थिति स्थिर बताई है।

गैंगस्टरां ते वार का 26वां दिन

# पंजाब पुलिस ने 571 स्थानों पर छापेमारी की, 193 गिरफ्तार

### पुलिस टीमों ने 66 व्यक्तियों के खिलाफ रोकथाम कार्रवाई की, 108 को सत्यापन के बाद रिहा किया

- लोग एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 के माध्यम से गुप्त रूप से गैंगस्टरों से संबंधित

पंचकूला ऑजर्वर न्यूज़



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत शुरू की गई निर्णायक गैंगस्टरां ते वार मुहिम के 26वें दिन, पंजाब पुलिस ने आज पूरे राज्य में गैंगस्टरों के सहयोगियों से जुड़े पहचाने गए और मैप किए गए ठिकानों पर 571 छापेमारियाँ कीं।

जानकारी के अनुसार, गैंगस्टरां ते वार - पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने के लिए छेड़ी गई एक निर्णायक जंग - 20 जनवरी, 2026 को डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव द्वारा शुरू की गई थी। इसके तहत सभी जिलों की पुलिस टीमों द्वारा एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के समन्वय से राज्य भर में विशेष कार्रवाइयाँ की जा रही हैं।

इस मुहिम के 26वें दिन, पुलिस टीमों ने 193 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 3 हथियार बरामद किए। इसके साथ ही मुहिम की शुरुआत से अब तक गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की कुल संख्या 9437 हो गई है।

इसके अलावा 66 व्यक्तियों के खिलाफ रोकथाम कार्रवाई की गई, जबकि 108 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया और पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। पुलिस टीमों द्वारा कार्रवाई के दौरान 9 भगोड़े अपराधियों (पीओ) को भी गिरफ्तार किया गया है।

वांछित हुए अपराधियों/गैंगस्टरों के बारे में जानकारी और अपराध तथा आपराधिक गतिविधियों के बारे में सूचना देने के लिए लोग गुप्त रूप से एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि पुलिस टीमों ने नशों के खिलाफ अपनी मुहिम ÷युद्ध नशों के खिलाफ के 351वें दिन भी जारी रखते हुए आज 44 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 20.7 किलो हेरोइन, 210 नशीली गोलियाँ/कैप्सूल तथा 2.28 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई। इससे मात्र 351 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 49,674 हो गई है।

नशा छुड़ाऊ मुहिम के हिस्से के रूप में, पंजाब पुलिस ने आज 19 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास के इलाज के लिए राजी किया है।

## गौसेवा का विशेष अभियान, बीमार गायों का उपचार



**पंचकूला।** सेक्टर-23 स्थित गौवन में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर गौसेवा को समर्पित एक विशेष अभियान चलाया गया। इस सेवा कार्य के दौरान बीमार एवं अस्वस्थ गायों की जांच कर उन्हें दवाइयां लगाई गई तथा उनके उपचार की समुचित व्यवस्था की गई। श्री शिव साई राम ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश गर्ग बिट्टू ने बताया कि गौसेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है और यह हमारी भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि गऊ माता को सभी जीवों की जननी माना गया है, क्योंकि उनका दूध, गोबर और गौमूत्र मानव जीवन के अनेक क्षेत्रों में उपयोगी है।

उन्होंने आगे कहा कि गौसेवा के माध्यम से हम न केवल अपने धर्म और परंपराओं का पालन करते हैं, बल्कि समाज में करुणा, सहानुभूति और समर्पण की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। उनके अनुसार गऊ माता केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि मानव जीवन के आधार स्तंभों में से एक हैं, इसलिए उनका संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। राकेश गर्ग बिट्टू ने आह्वान किया कि यदि प्रत्येक व्यक्ति प्रतिदिन थोड़ा-सा समय या सहयोग गौशालाओं के लिए समर्पित करे, तो कोई भी गाय भूखी या असहाय नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि गऊ माता का सम्मान और संरक्षण हमारी संस्कृति की पहचान है तथा गौसेवा करने वाला व्यक्ति समाज में प्रेम और सद्भावना का संदेश भी फैलाता है।

## मंदिर देवी दवाला में धूमधाम से मनाई महाशिवरात्रि



पंचकूला ऑजर्वर न्यूज़

**खन्ना।** मंदिर देवी दवाला में अरूण भारद्वाज व सोहनलाल सराफ की देखरेख में महाशिवरात्रि पर्व पूर्ण श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्म मुहूर्त से ही जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की पंक्तियां लगनी शुरू हो गई जोकि शाम तक जारी रही. मंदिर प्रांगण में शिव भक्तों के लिए बेलपत्र, भांग, धतूरे व अन्य सामग्री का विशेष प्रबंध किया गया।

मंदिर प्रबंधन दोबारा फलों की चाट का अटूट लंगर लगाया गया जबकि बाहर जलेबी व पकोड़े का लंगर चलता रहा. इस अवसर पर शिव लीला के मधुर भजनों का गायन चला रहा. महिला संकीर्तन मंडली ने शिव विवाह का सुंदर गायन किया. इस अवसर पर राकेश भाबरी देव कृष्ण ढंड, विमल जैन, मंजू भारद्वाज, नेहा, सविता शुद, करण, प्रीति जैन, विजय लंबा,नवल किशोर, किरण गर्ग, चंदन, सीमा लंबा, चंद्रमणि राजू, राजू दता, महेश अग्रवाल, मनु दियोडा, शुभलता विशिष्ट, मनस्वी, अजीत कुमार, विनोद कुमार सहित भारी गिणती में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## जीवन की बुराइयां शिव पर अर्पण करना ही सच्ची शिवरात्रिः ब्रह्म कुमारी हरविंदर दीदी



पंचकूला ऑजर्वर न्यूज़

**जीरकपुर।** स्थानीय ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र पर 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव श्रद्धा, उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शिव ध्वजारोहण से हुई, जिसमें उपस्थित भाई-बहनों ने नैष्ठिक पवित्रता, शुद्धता और समाज सेवा का संकल्प लिया। सेंटर प्रभारी हरविंदर दीदी ने शिवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परमपिता परमात्मा निराकार शिव, जिनकी अनेक धर्मों और विभिन्न रूपों में पूजा की जाती है, वर्तमान कलियुग के अंतिम चरण में संसार को अज्ञान के अंधकार से निकालने के लिए अवतरित होते हैं।

उन्होंने बताया कि यह समस्त समय 'महारात्रि' के समान है और ऐसे समय में परमात्मा शिव, प्रजापिता ब्रह्मा के तन में प्रवेश कर सहज राजयोग की शिक्षा दे रहे हैं, जिससे मानव आत्माएं देवतुल्य बन सकें और नई सुखी एवं पावन दुनिया की स्थापना हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि सच्ची शिवरात्रि अक-धतूरा चढ़ाने में नहीं, बल्कि अपनी बुराइयों–काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार–को शिव पर अर्पण करने में है। ये विकार कांटों के समान हैं, जो जीवन में दुख और अशांति लाते हैं। यदि मनुष्य इन बुराइयों को त्यागकर परमात्मा से अपना सच्चा संबंध जोड़ ले, तो जीवन की समस्याएं स्वतः हल होने लगती हैं। इस अवसर पर ब्रह्मा कुमारी राजिंदर दीदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि जब तक मनुष्य अपने जीवन में सत्य, धैर्य, संयम और पवित्रता जैसे मूल्यों को धारण नहीं करेगा, तब तक स्थायी सुख-शांति संभव नहीं है। कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। गुरप्रीत सिंह विर्क (डायरेक्टर, पीआरटीसी पंजाब) और कुलभूषण शर्मा (उर्वा प्रेसिडेंट) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा समाज में नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार की सराहना की और कहा कि आज के समय में ऐसे आयोजनों की अत्यंत आवश्यकता है।

## राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (नाईपर) मोहाली आज मनाएगा स्थापना दिवस समारोह

पंचकूला ऑजर्वर न्यूज़

**मोहाली।** नाईपर, मोहाली रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, औषध विभाग, भारत सरकार के अधीन नाईपर अधिनियम, 1998 के अंतर्गत स्थापित राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है जो अपना स्थापना दिवस सोमवार, 16 फरवरी 2026 को अपराह्न 3.00 बजे से नाईपर कन्वेंशन सेंटर में आयोजित करेगा। इस अवसर पर प्रो. अनिल कुमार त्रिपाठी, निदेशक, भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, मोहाली मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित हैं तथा हार्नेस्सिंग द पोटेंशियल मेडिसिनल प्लांट्स-ऑपरच्यूनिटीज एण्ड चैलेंजि विषय पर स्थापना दिवस व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे।

डॉ. चंद्रशेखर नायर, कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ), मोलबायो डायग्नोस्टिक्स एवं बिगटेक लैब्स, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा सभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर प्रो. दुलाल पांडा, निदेशक, नाईपर, मोहाली, संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे, जिसमें शैक्षणिक उपलब्धियों, अनुसंधान कार्यों, पेटेंट, प्लेसमेंट, समझौता ज्ञापनों तथा प्रसार एवं जनसंपर्क गतिविधियों की प्रमुख उपलब्धियों का उल्लेख किया जाएगा। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण आकर्षण रोश प्रोडक्ट्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड तथा विनायक मिशन'स रिसर्च फाउंडेशन के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान होगा, जो अनुसंधान, नवाचार एवं शैक्षणिक सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर ट्रांसफॉर्मिंग लाइव्स, स्ट्रेंथनिंग इंडिया टुगेदर (रोश-नाईपर) विषय पर सुश्री शीतल रंगनाथन, मुख्य रणनीति अधिकारी, रोश द्वारा विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया जाएगा।

## बोरवेल पर विवाद, मुस्लिम भाईचारे ने की निष्पक्ष जांच की मांग

पंचकूला ऑजर्वर न्यूज़



**जीरकपुर।** गांव छत में कब्रिस्तान के नजदीक बोरवेल लगाने को लेकर विवाद ने तूल पकड़ लिया है। मुस्लिम भाईचारे के लोगों का कहना है कि वे लंबे समय से पानी की गंभीर किल्लत का सामना कर रहे हैं। पहले लगा हैंडपंप पूरी तरह सूख चुका है, जिससे लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसी समस्या के समाधान के लिए समुदाय के लोगों ने आपस में चंदा इकट्ठा कर अपनी ही जमीन पर समरसेबल बोर करवाने का निर्णय लिया। उनका दावा है कि जिस स्थान पर बोरवेल लगाया जा रहा था, वह कथित विवादित जमीन से करीब 40-50 फीट दूर है और उस जमीन को लेकर पहले से नगर परिषद के साथ विवाद चल रहा है, जिस पर कोर्ट से स्टे भी ली गई है।

**नगर परिषद के अधिकारी नहीं उठाते फोन**


इस खबर के संबंध में नगर परिषद का पक्ष जानने के लिए कार्यकारी अधिकारी परमिंदर सिंह भट्टी ,इंस्पेक्टर अशोक को फोन किया गया परंतु उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा।

समुदाय के प्रतिनिधियों का आरोप है कि गांव के कुछ शरारती तत्वों ने नगर परिषद को शिकायत दी कि स्टे वाली जमीन पर बोरवेल लगाया जा रहा है। इसके बाद परिषद के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और बिना किसी लिखित नोटिस के काम रुकवा दिया। लोगों का कहना है कि उन्हें इस संबंध में कोई आधिकारिक नोटिस नहीं दिया गया, जबकि वे अपनी निजी जमीन पर कार्य करवा रहे थे। बाद में उन्हें पता चला कि नगर परिषद ने इस मामले की शिकायत पुलिस विभाग को भी भेजी गई है। मुस्लिम भाईचारे के सदस्य संबंधित पुलिस अधिकारियों के पास पहुंचे और अपने सभी दस्तावेज जांच अधिकारी को दिखाए। उनका कहना है कि जांच अधिकारी ने दस्तावेज देखने के बाद कोई आपत्ति नहीं जताई और कार्यकारी अधिकारी से लिखित पुष्टि लाने को कहा। समुदाय के लोगों ने आरोप लगाया कि कार्यकारी अधिकारी इस मामले में टालमटोल कर रहे हैं और स्पष्ट जवाब नहीं दे रहे।

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि यदि वे वास्तव में स्टे वाली जमीन पर बोरवेल कर रहे हैं तो उनके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए, लेकिन यदि शिकायत बेबुनियाद है तो झूठी शिकायत करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं। समुदाय ने कार्यकारी अधिकारी से मौके पर आकर स्थिति का निरीक्षण करने की अपील की है, ताकि विवाद का निष्पक्ष समाधान हो सके और क्षेत्र के लोगों को पानी की समस्या से राहत मिल सके।

## पानी की सुरक्षा पर मंडराता खतरा- सकेतड़ी का बूस्टिंग स्टेशन बना असामाजिक तत्वों का अड्डा

पंचकूला ऑजर्वर न्यूज़




**पंचकूला।** ग्राम सकेतड़ी स्थित 700 के.एल. क्षमता वाला बूस्टिंग स्टेशन इन दिनों गंभीर लापरवाही और अव्यवस्था के कारण असामाजिक तत्वों का ठिकाना बनता जा रहा है। जल आपूर्ति जैसी अत्यंत संवेदनशील व्यवस्था पर मंडराते इस खतरे को लेकर गांववासियों में गहरी चिंता और भारी आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों के अनुसार, बूस्टिंग स्टेशन पर तैनात कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति नहीं रहती, जिससे परिसर असुरक्षित बना हुआ है। इस स्थिति का फायदा उठाकर अज्ञात लोग यहां आकर डेरा जमाए रहते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि परिसर में नशा करना, शराब पीना और अन्य संदिग्ध गतिविधियां आम हो चुकी हैं। इससे गांव में असुरक्षा का माहौल बन रहा है और छोटी आपराधिक घटनाओं में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

सबसे गंभीर चिंता जल स्रोत की सुरक्षा को लेकर व्यक्त की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इसी प्रकार लापरवाही जारी रही तो कोई भी असामाजिक तत्व पानी में नशीले या जहरीले पदार्थ मिलाकर बड़ी अनहोनी को अंजाम दे सकता है। ऐसी स्थिति पूरे गांव के स्वास्थ्य और जीवन के लिए घातक सिद्ध हो सकती है।

गांव में स्थित सकेतड़ी क्षेत्र का प्राचीन एवं प्रसिद्ध भोले बाबा मंदिर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है। ऐसे में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी बन जाती है।

ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि आस्था और स्वास्थ्य दोनों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस संबंध में ग्राम के नंबरदार गुरुतेज सिंह (भोला) ने बताया कि उन्होंने कई बार संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं पूर्व पार्षद को इस गंभीर समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई ठोस और प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। उनका कहना है कि यदि समय रहते सुरक्षा व्यवस्था मजबूत नहीं की गई तो स्थिति और अधिक गंभीर रूप ले सकती है। ग्रामीणों के अनुसार, बूस्टिंग स्टेशन से जुड़े कर्मचारी सुभाष शर्मा, जेई इंद्रजीत तथा एसडीओ धर्मेंद्र को भी लगातार स्थिति की जानकारी दी जा रही है, परंतु अब तक अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है।

ग्रामवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि बूस्टिंग स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था तत्काल प्रभाव से सुदृढ़ की जाए, नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए, सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं तथा असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे सामूहिक रूप से उच्च अधिकारियों से मिलकर आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। गांव की सुरक्षा, श्रद्धालुओं की आस्था और स्वच्छ पेयजल व्यवस्था के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही अब स्वीकार्य नहीं है।

## पीएम श्री स्कूल में वार्षिक समारोह आयोजित



पंचकूला ऑजर्वर न्यूज़

**मूनक।** पीएम श्री सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल मूनक (लड़के) में वार्षिक समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा शब्द गायन से की गई। समारोह में कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल के बेटे एडवोकेट गौरव गोयल ने मुख्य मेहमान और बीएनओ मूनक अरूण गर्ग और डीडीओ भारत भूषण ने विशेष मेहमान के तौर पर शिरकत की। समारोह में छात्रों ने नाटक, गीत, नृत्य और भांगड़ा जैसी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। इस मौके शैक्षणिक और खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या जसमीत कौर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को परिश्रम और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### छात्राओं का पेट्रोलियम एवं ऊर्जा अध्ययन विश्वविद्यालय, देहरादून का भ्रमण किया

**यमुनानगर** डी.ए.वी. कॉलेज फॉर गर्ल्स के संस्थान नवाचार परिषद द्वारा पेट्रोलियम एवं ऊर्जा अध्ययन विश्वविद्यालय, देहरादून की पूर्व-इन्क्यूबेशन इकाई का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्या एवं संस्थान नवाचार परिषद की अध्यक्ष डॉ. सुरिंदर कौर के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। संयोजक सुश्री मानिका सेठी तथा श्रीमती ममता थापर ने इस भ्रमण का नेतृत्व किया। वहाँ छात्राओं को सम्मानित वक्ताओं के साथ एक ज्ञानवर्धक सत्र में भाग लेने का अवसर मिला। सुमित नागपाल ने पूर्व-इन्क्यूबेशन की संकल्पना को विस्तार से समझाया तथा नवउद्यमों को आगे बढ़ाने के लिए उपलब्ध विभिन्न प्रकार की वित्तीय सहायता के बारे में जानकारी दी। स्वारलीन कौर ने छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान करते हुए उनकी जिज्ञासाओं का संतोषजनक उत्तर दिया। इसके साथ ही शुभि शर्मा ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर एक विशेष सत्र आयोजित किया, जिसमें बताया गया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता किस प्रकार कार्य करती है, यह मानव सहयोग से कैसे संचालित होती है तथा चिकित्सा और विपणन जैसे क्षेत्रों में इसका विस्तार किस प्रकार हो रहा है। छात्राओं ने इस विषय से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण प्रश्न पूछकर अपनी उत्सुकता व्यक्त की। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने रनवे का भी अवलोकन किया, जहाँ विद्यार्थियों के विकसित विचारों को हवाई जहाज की भाँति उड़ान भरने का अवसर दिया जाता है और उन्हें वास्तविक स्वरूप प्रदान किया जाता है। देहरादून स्थित पेट्रोलियम एवं ऊर्जा अध्ययन विश्वविद्यालय के इन्क्यूबेशन केंद्र के संकाय सदस्यों के साथ यह अनुभव अत्यंत प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक रहा। इस सफल शैक्षणिक भ्रमण में डॉ. मनमीत, हर्ष शर्मा, जस्मीत, शैली तथा वैशाली का विशेष सहयोग रहा।

### सेंट लॉरेंस इंटरनेशनल स्कूल, जगाधरी में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया

**यमुनानगर** सेंट लॉरेंस इंटरनेशनल स्कूल, जगधारी में जनवरी और फरवरी माह में जन्मे 66 विद्यार्थियों के जन्मदिन के साथ-साथ शिक्षकों के जन्मदिवस एवं विवाह वर्षगाँठ को विद्यालय प्रांगण में सामूहिक रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच आपसी सौहार्द, प्रेम और आत्मीयता की भावना को सुदृढ़ करना रहा। इस विशेष अवसर पर विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. रजनी सहगल तथा प्रबंधन समिति के अन्य सदस्यों ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ मिलकर केक काटा और सभी को अपने हाथों से केक खिलाकर शुभकामनाएँ दीं। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा एक-दूसरे को जन्मदिन की बधाइयाँ दीं, जिससे पूरा वातावरण उल्लास, सकारात्मक ऊर्जा और पारिवारिक आत्मीयता से भर उठा। चेयरपर्सन डॉ. रजनी सहगल ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों की मुस्कान और उनका आत्मविश्वास ही विद्यालय की सबसे बड़ी उपलब्धि है। बच्चों के मानसिक, भावनात्मक एवं सामाजिक विकास के लिए इस प्रकार के सामूहिक आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। ऐसे कार्यक्रम बच्चों को एक-दूसरे से जोड़ते हैं और उनमें सकारात्मक सोच, अपनापन तथा भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल, स्वस्थ एवं सफल भविष्य की कामना की। विख्यात शिक्षाविद् डॉ. एम. के. सहगल ने अपने संदेश में कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास की आधारशिला होता है। बच्चों को समान अवसर, संस्कार, अनुशासन और मानवीय मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में आपसी प्रेम, सहयोग और सामाजिक समरसता की भावना विकसित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और एक अच्छा इंसान बनने का आशीर्वाद दिया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा नृत्य, कविता एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं। विद्यालय में जन्मदिन सामूहिक रूप से मनाए जाने से विद्यार्थी अत्यंत प्रसन्न दिखाई दिए।

### उत्थान संस्थान में दिव्यांग बच्चों ने श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया महा शिवरात्रि पर्व

**यमुनानगर.** महा शिवरात्रि के पावन अवसर पर उत्थान संस्थान की कोशिश इकाई में दिव्यांग बच्चों द्वारा श्रद्धा एवं उल्लास के साथ पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान की डायरेक्टर डॉ. अंजू बाजपेयी तथा महान शिक्षाविद् डॉ. पी.के. बाजपेयी के सान्निध्य में सभी बच्चों ने शिवलिंग पर जल, पुष्प और फल अर्पित कर विधिवत पूजा की तथा शिव आरती का आनंद लिया। इस अवसर पर डॉ. पी.के. बाजपेयी ने सभी को महा शिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सनातन धर्म में यह पर्व अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन आदिदेव महादेव की सच्चे मन से पूजा करने से जीवन के कष्टों का निवारण होता है और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव को भोलेनाथ इसलिए कहा जाता है क्योंकि वे सरल और दयालु स्वभाव के हैं। यह पर्व हमें सत्य, संयम और भक्ति का संदेश देता है। संस्थान की डायरेक्टर डॉ. अंजू बाजपेयी ने कहा कि महा शिवरात्रि हमें बुराइयों से दूर रहकर अच्छे कार्य करने तथा जीवन में शांति और संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देती है। दयाभाव और श्रद्धा से की गई शिव उपासना व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को समाज में समानता का अनुभव कराना और उनका आत्मविश्वास बढ़ाना रहा। ऐसे आयोजन उनके जीवन में खुशियां और सकारात्मकता लाने का माध्यम बनते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र मिश्रा ने कहा कि विभिन्न पर्वों का आयोजन बच्चों में सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाता है, जिससे वे भी अपनी परंपराओं से जुड़कर अन्य बच्चों के साथ त्योहारों का आनंद उठा सकें। इससे उनका मनोबल सुदृढ़ होता है और वे समाज में गरिमापूर्ण स्थान का अनुभव करते हैं। कार्यक्रम में स्वाति ठाकुर, सुमित सोनी, हनी तोमर, राजेश, दीपा और सनी सहित संस्थान के अन्य सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह उत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और समावेशी समाज के निर्माण की दिशा में एक सार्थक पहल साबित हुआ।

### केंद्र की नीतियों के खिलाफ जनजागरण अभियान चलाएगी सीपीआई

**यमुनानगर.** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की जिला परिषद की बैठक सोमवार को तेजली रोड स्थित भगत सिंह हॉल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता धर्मपाल टप्परवाल ने की। प्रारंभ में पुलवामा हमले की सातवीं बरसी पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही पार्टी और ट्रेड यूनियन आंदोलन के वरिष्ठ नेता कुलवंत सिंह के हालिया निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि केंद्र सरकार की भारत-अमेरिका व्यापार समझौता नीति के विरोध में व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। पार्टी नेताओं का कहना था कि यह समझौता किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों के हितों के प्रतिकूल है। इसके अतिरिक्त वृद्धावस्था सम्मान भत्ता में कटौती तथा भवन निर्माण श्रमिकों को मिलने वाली कन्यादान और छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं के लंबित होने के मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया जाएगा। जिला स्तर पर गांव-गांव सभाएं आयोजित करने, पर्चे वितरित करने और विभिन्न वर्गों—किसानों, श्रमिकों, महिलाओं, युवाओं व बुजुर्गों—से सीधे संवाद स्थापित करने की रणनीति पर सहमति बनी।

# एनएच 334बी पर मौत का जाल बना अजीबो-गरीब डिवाइडर, ग्रामीणों और सरपंचों में भारी रोष

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**भिवानी.** चरखी दादरी से लोहारू मार्ग पर स्थित नेशनल हाईवे-334बी इन दिनों वाहन चालकों के लिए किसी दुस्वप्न से कम नहीं है। गांव मांढ़ी-पिरानू बस स्टैंड के समीप बना एक अजीबो-गरीब डिवाइडर हादसों का केंद्र बन गया है, जिसे स्थानीय लोग मौत का जाल कह रहे हैं। इस सडक की सबसे बड़ी खामी यह है कि यहां डिवाइडर बिना किसी पूर्व चेतावनी, संकेत बोर्ड या रिफ्लेक्टर के अचानक शुरू हो जाता है।

हैरानी की बात यह है कि यह डिवाइडर एक चढ़ाई (ढलान) पर बना है। रात के समय या धुंध में हेडलाइट की रोशनी में भी ड्राइवर को यह अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है कि सडक अचानक दो हिस्सों में बंटने वाली है। आमतौर पर डिवाइडर टोल प्लाजा या प्रमुख चौराहों पर होते हैं, लेकिन इस स्थान पर न तो कोई टोल है और न ही कोई स्पष्ट चौराहा, जिससे इसकी उपयोगिता पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस गंभीर मुद्दे पर सीएम पैक्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के कार्यवाहक प्रधान प्रविंद्र मांढ़ी ने कड़ा रोष प्रकट किया है। उन्होंने इसे प्रशासन और नेशनल हाईवे अथॉरिटी की बड़ी लापरवाही करार दिया है। उनके सुर में सुर मिलाते हुए मांढ़ी पिरानू के सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र और मांढी केहर के सरपंच अशोक कुमार ने भी अपनी चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की यह लापरवाही किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही है। बिना योजना के बनाया गया यह डिवाइडर अब तक कई वाहनों को क्षतिग्रस्त कर चुका है और मासूमों की जान के लिए खतरा बना हुआ है। उन्होंने मांग की कि इस योजनाहीन डिवाइडर को तुरंत यहां से हटाया जाए, यदि हटाना संभव न हो तो कम से कम उचित रिफ्लेक्टर, ब्लिंकर लाइट और चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं, हादसों को रोकने के लिए सडक के डिजाइन में तकनीकी सुधार किया जाए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समाधान नहीं किया गया, तो वे सरकार और संबंधित विभाग के खिलाफ कड़ा कदम उठाने को मजबूर होंगे। फिलहाल यह डिवाइडर हाईवे पर तेज रफ्तार से चलने वाले वाहनों के लिए एक खुला निमंत्रण बना हुआ है।



# सामाजिक सुरक्षा पेंशन के मुद्दे पर बोलने वाले लोग पहले अपने गिरेबां में झांके : मुख्यमंत्री सैनी

● **47.36 करोड़ की 16 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास, पेंशन पर विपक्ष को दी नसीहत**

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**तावडू।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अरावली की गोद में बसा तावडू क्षेत्र अपने मेहनती, स्वाभिमानी और संघर्षशील लोगों के लिए पूरे प्रदेश में जाना जाता है। मेवात की धरती ने सदैव साहस, बलिदान और स्वाभिमान की परंपरा को आगे बढ़ाया है। सन् 1857 की आजादी की प्रथम लड़ाई से लेकर आजादी मिलने तक के संघर्ष में यहां के लोगों ने जो भूमिका निभाई, वह इतिहास के पन्नों पर स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। मुख्यमंत्री रविवार को सोहना विधानसभा के तावडू की अनाज मंडी में विकसित सोहना-तावडू विकास रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान उपस्थित जनसमूह को महाशिवरात्रि के पावन पर्व की बधाई भी दी और कहा कि यह पावन पर्व है हमें लॉर्ड शिवा के दर्शन करने, उनके जीवन दर्शन से जुड़ने का एक अवसर प्रदान करता है।

महाशिवरात्रि हमें यह सिखाती है कि जब जीवन में अंधकार बड़े तब आत्म चिंतन का दीप जलाओ। उन्होंने कहा कि यह शिवरात्रि सभी के जीवन में स्वास्थ्य, शांति, साहस और सफलता प्रदान करे, साथ ही आपके हर प्रयास में ऊर्जा हो और निर्णय में विवेक हो, हर दिन में आशा का उजाला हो। मुख्यमंत्री ने इससे पहले 47 करोड़ 36 लाख रुपये लागत की 16 विकास परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किए। इनमें 21 करोड़ 77 लाख 25 हजार रुपये लागत के 11 उद्घाटन और 25 करोड़ 58 लाख 58 हजार रुपये की लागत के 5 शिलान्यास शामिल हैं। सैनी ने कहा कि तावडू सोहना विकास रैली में उमड़ा जनसमूह इस बात का प्रमाण है कि आपका भाजपा सरकार की नीयत, नीति और जन-कल्याणकारी योजनाओं में गहरा विश्वास है। इसी विश्वास के बल पर हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी को लगातार तीसरी बार जनसेवा का अवसर मिला है, उन्होंने कहा कि वह पूरे विश्वास के साथ कहते हैं कि क्षेत्र के विकास में किसी भी तरह की कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी जाएगी।

उन्होंने कहा कि सोहना हलके के विकास को गति देने के लिए 11 वर्षों के कार्यकाल में 62 सीएम अनाउंसमेंट हुई। इनमें से 49 का काम पूरा हो चुका और 13 का काम प्रगति पर है। उन्होंने सोहना विधानसभा क्षेत्र में करवाये गए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि बीजेपी सरकार ने इस हलके में विकास कार्यों पर पिछले 11 वर्षों में 1 हजार 515 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। जबकि, कांग्रेस के 10 साल के शासनकाल में मात्र 222 करोड़ रुपये खर्च किये गये थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 3 सड़कों की विशेष मरम्मत के लिए 12 करोड़ 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। तावडू खण्ड के 54 गांवों में 40 करोड़ रुपये की लागत से पेयजल के भूमिगत जलाश्यों के निर्माण एवं उनको पाईप लाईन से जोड़ने का काम किया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संकल्प पत्र- 2024 का जिक्र करते हुए कहा कि हम जो कहते हैं, उसे करते भी हैं। इसका प्रमाण यह है कि हमने पिछले विधानसभा चुनावों के अपने संकल्प-पत्र के 217 में से 60 वादों को एक साल में ही पूरा कर दिखाया है। यही नहीं, 157 वादों पर काम प्रगति पर है।

उन्होंने कहा कि आगामी 20 फरवरी से हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने जा रहा है। सरकार ने प्रदेश का बजट आम आदमी का बजट बनाने के लिए सभी हितधारकों से परामर्श किया है। परामर्श के आधार पर ही सरकार नया बजट तैयार कर रही है। इसके माध्यम से सबका साथ-सबका विकास का नारा धरातल पर उतारने का काम किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान 3.0 नॉन स्टॉप बीजेपी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल में भी प्रदेश के सर्वांगीण विकास और हर वर्ग के हितों की सुरक्षा के लिए अनेक ठोस कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने पेंशन को लेकर आमजन को गुमराह करने पर विपक्ष को आड़े हाथों लिया।

उन्होंने कहा कि जो लोग आज बयान देते फिर रहे हैं, पहले वो खुद के गिरेबां में झांके कि उनके राज में 6-6 महीनें पेंशन नहीं मिलती थी। बीजेपी सरकार ने पिछले 11 साल में 2200 रुपये पेंशन ब ?ाई है। पेंशन को लेकर बुजुर्गों को किसी प्रकार से चिंता करने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा बुजुर्गों के उपचार के लिए चलाई गई योजना का भी जिक्र किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान हित हमारी नीतियों के केंद्र में हैं। आज किसानों की सभी 24 फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही है। अब तक 12 लाख किसानों के खातों में फसल खरीद के 1 लाख 64 हजार करोड़ रुपये डाले जा चुके हैं। प्रदेश में फसल खराब होने पर गत 11 सालों में किसानों को मुआवजे और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अब तक 15 हजार 448 करोड़ रुपये की राशि दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में जमीनों व सम्पत्तियों का पेपरलेस रजिस्ट्रेशन शुरू किया है। अब रजिस्ट्री का काम पूरी तरह डिजिटल हो गया है। पिछड़ा वर्ग की क्रीमी लेयर आय सीमा को 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख रुपये किया गया है। उन्होंने कहा कि गरीबों के सिर पर छत उपलब्ध करवाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1 लाख 56 हजार मकान दिये गये हैं। गरीब परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत 14 शहरों में 15 हजार 765 गरीब परिवारों प्लॉट दिए हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत ग्राम पंचायतों में 12 हजार 31 प्लॉट दिए हैं।

उन्होंने कहा कि अब धन के अभाव में कोई भी गरीब इलाज से वंचित नहीं रहेगा। आयुष्मान भारत-चिरायु योजना में लगभग 26 लाख मरीजों का 4 हजार 126 करोड़ रुपये का मुफ्त इलाज किया गया है। प्रदेश सरकार ने किडनी के रोग से पीड़ित रोगियों के लिए सभी सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में मुफ्त डायलिसिस की सेवाएं शुरू की है। सरकार की तरफ से 11 फरवरी को 17 जिलों में डे केयर कैंसर सेंटर्स का शुभारंभ किया गया है। इन केंद्रों के खुलने से अब 22 जिलों में कैंसर पीड़ित मरीजों का इलाज और आसान होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सरकार रोजगार देने के कार्य भी पूरी पारदर्शिता और बिना पर्ची खर्ची कर रही है। जबकि पिछली सरकारों में क्या हाल थे, सभी को पता है। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में 36 हजार युवाओं को बिना पर्ची-खर्ची के सरकारी नौकरियां दी गई हैं। इन्हें मिलाकर पिछले 11 सालों में 1 लाख 80 हजार नौकरियां दी जा चुकी हैं। गत जुलाई मास में कॉमन पात्रता परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

### हरियाणा में किसानों पर बढ़ता कर्ज चिंताजनक : कुमारी सैलजा

**सिरसा।** सिरसा सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि खेती-किसानी हरियाणा की तरक्की और खुशहाली की पहचान रही है, लेकिन भाजपा सरकार की नीतियों के कारण प्रदेश के किसान लगातार कर्ज के दलदल में फंसते जा रहे हैं। मीडिया को आज जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि सरकारी आंकड़े स्वयं इस बात की पुष्टि करते हैं कि हरियाणा के हर किसान परिवार पर औसतन 1.83 लाख रुपये से अधिक का कर्ज हो चुका है। केंद्र सरकार के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा संसद में दी गई जानकारी और हरियाणा विधानसभा में मुख्यमंत्री नायब सैनी के लिखित जवाब के अनुसार 30 सितंबर 2025 तक प्रदेश के 25,67,467 किसानों पर कुल 60,816 करोड़ रुपये का कर्ज बकाया है। कुमारी सैलजा ने आरोप लगाया कि भाजपा के डबल इंजन शासन में खेती की इनपुट लागत लगातार बढ़ रही है, एमएसपी के नाम पर किसानों को पूरा लाभ नहीं मिल रहा, प्राकृतिक आपदाओं में पर्याप्त मुआवजा नहीं दिया जा रहा और भूमिहीन किसानों की स्थिति बेहद दयनीय बनी हुई है। उन्होंने कहा कि इन परिस्थितियों ने खेती को लाभकारी पेशे की बजाय संकट का कारण बना दिया है। उन्होंने कहा कि किसान और नौजवान हरियाणा की असली ताकत हैं, लेकिन वर्तमान सरकार की नीतियों ने किसानों को कर्ज में और युवाओं को बेरोजगारी, नशाखोरी व पलायन की ओर धकेल दिया है। राज्य सरकार से मांग की कि किसानों की कर्ज राहत के लिए ठोस योजना बनाई जाए, सभी फसलों पर प्रभावी एमएसपी सुनिश्चित की जाए, प्राकृतिक आपदा पर समयबद्ध मुआवजा दिया जाए।

## श्री शिव-शक्ति रथयात्रा श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न

**अंबाला कैंट।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आज श्री शिव-शक्ति ओंकार दरबार, हाउसिंग रोड, आर्मी एरिया, अंबाला कैंट से निकली भव्य 'श्री शिव-शक्ति रथयात्रा' श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हो गई। निराकार परब्रह्म ओंकार स्वरूप 1008 शिवलिंगों की स्थापना के भूमि-पूजन के उपलक्ष्य में आयोजित इस ऐतिहासिक यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर वातावरण को पूर्णतः शिवमय बना दिया। इस मौके पर रूद्रावतार संत महर्षि दुर्वासा-आत्मा कुरड़ी वाले महाराज श्री जी की पीठ पर विराजमान संदीप ओंकार ने अपने आशीर्वचन में कहा कि शिव ही सत्य हैं और शिव ही कल्याण का मार्ग हैं। जब समाज एकजुट होकर ईश्वर आराधना करता है, तो वहां से सकारात्मक परिवर्तन की शुरुआत होती है। यह भूमि-पूजन आने वाले समय में एक दिव्य शिवधाम के रूप में फलित होगा, जो पीढि?ों तक आध्यात्मिक मार्गदर्शन देता रहेगा। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित सांसद वरूण चौधरी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि महाशिवरात्रि जैसे पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक परंपरा के प्रतीक हैं। श्री शिव-शक्ति रथयात्रा ने अंबाला की पहचान को और सशक्त किया है। 1008 शिवलिंगों की स्थापना का यह संकल्प निश्चित ही समाज में नैतिक मूल्यों और धार्मिक चेतना को नई ऊंचाई देगा। आज की यह रथयात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा और संस्कारों के जागरण का माध्यम है। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर निकली 'श्री शिव-शक्ति रथयात्रा' ने न केवल धार्मिक आस्था को सशक्त किया, बल्कि सामाजिक एकता और आध्यात्मिक जागरण का भी संदेश दिया। यात्रा संयोजक समाजसेवी अंजली डीके बंसल ने कहा कि यह आयोजन जन-जन को जोडने् का माध्यम बना है। हमें गर्व है कि अंबाला कैंट की जनता ने इतनी बड़ी संख्या में भाग लेकर इसे ऐतिहासिक स्वरूप दिया। हमारा उद्देश्य धर्म के माध्यम से सेवा और संस्कारों को समाज में स्थापित करना है। इस मौके पर वरिष्ठ नेतृी चित्रा सरवारा, अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला, जिला कांग्रेस के शहरी अध्यक्ष पवन अग्रवाल, स्वामी, प. शिवनारायण दीक्षित सहित अनेक भक्त एवं श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

## राष्ट्र की प्रगति हमारी संस्कृति के बिना संभव नहीं : कल्याण



**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने स्वामी दयानंद सरस्वती को नमन करते हुए कहा कि स्वामी जी के विचार हमें विपरीत परिस्थितियों में भी सही राह पर चलने की ऊर्जा प्रदान करते हैं। राष्ट्र की प्रगति हमारी संस्कृति के बिना संभव नहीं है। आर्य समाज जिस प्रकार हमारी अगली पीढ़ी को अपनी जड़ों और गौरवशाली संस्कृति से जोड़ने का प्रयास कर रहा है, वह वास्तव में एक पावन कार्य है। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण रविवार को आर्य समाज द्वारा आयोजित महर्षि दयानंद सरस्वती जन्मोत्सव एवं बोधोत्सव कार्यक्रम के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने अपने निजी कोष से सभा को 11 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हमारे महापुरुषों ने उस दौर में अपनी संस्कृति, धर्म और देश के लिए संघर्ष किया जब परिस्थितियां अत्यंत विपरीत थीं। गुलामी के लंबे कालखंड के बाद स्वतंत्रता तो मिली, लेकिन आज भी हमारे सामने कई चुनौतियां मौजूद हैं। देश को पुनः उन ऊँचाइयों पर ले जाने की कल्पना हर नागरिक के सहयोग के बिना संभव नहीं है।

विकसित राष्ट्र के संकल्प को सिद्ध करने के लिए हमारा आत्मनिर्भर होना अनिवार्य है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में हर नागरिक की भूमिका अहम है।

**सम्मान** 16-20 फरवरी 2026 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में होगा सम्मेलन

# हरियाणा के युवा उद्यमी मोहित यादव को वैश्विक मंच पर आमंत्रण

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**भिवानी।** भारत में आयोजित होने जा रहे प्रतिष्ठित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 में हरियाणा के युवा टेक उद्यमी मोहित यादव को गेस्ट डेलेगेट के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह बहुप्रतीक्षित वैश्विक सम्मेलन 16-20 फ़रवरी 2026 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा, जिसमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित विश्वभर के शीर्ष नीति-निर्माता, उद्योगपति और तकनीकी नेता भाग लेंगे। आयोजकों के अनुसार, सम्मेलन में 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधिमंडल, 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष, 50+ मंत्री और वैश्विक कंपनियों के शीर्ष ष्टश्वह शामिल होंगे। विश्व के प्रमुख तकनीकी नेताओं जैसे सुंदर पिचाई, सैम अल्टमैन, जेनसेन हवांग, डेमिस, ब्राड स्मिथ की उपस्थित रहने की संभावना है, जिससे यह आयोजन वैश्विक एआई नीति और तकनीकी सहयोग का प्रमुख मंच बन गया है। मोहित यादव, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के छात्र और एमके एप क्रिटीव्ज प्रा. लि. के संस्थापक-सीईओ, भारत के तेज़ी से उभरते उद्यमियों में गिने जाते हैं। उनकी कंपनी ने दिसंबर 2025 तक लगभग 280 करोड़ का मूल्य हासिल किया और 2000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों को सेवाएँ प्रदान कीं। कंपनी का लक्ष्य भारत में सुरक्षित, स्मार्ट और पूरी तरह,द्व-संचालित मोबिलिटी समाधान तैयार करना है, जिससे भविष्य की परिवहन प्रणाली को नई दिशा मिल सके। कंपनी के संस्थापक-सीईओ मोहित यादव के नेतृत्व में इंजीनियरों और विशेषज्ञों की टीम ऐसे सॉफ्टवेयर पर काम कर रही है जो वाहन को स्वचालित नेविगेशन, दुर्घटना-रोकथाम, स्मार्ट सेंसर एनालिसिस और रियल-टाइम निर्णय क्षमता प्रदान करता है।



### क्या खास है इस एआई ड्राइवरलेस तकनीक में

- उन्नत एआई एल्गोरिद्म से वाहन का स्वतः संचालन
- स्मार्ट सेंसर और कैमरा-आधारित 360ए रोड मॉनिटरिंग
- संभावित दुर्घटना से पहले चेतावनी और ऑटो-ब्रेकिंग
- ट्रैफिक और सड़क स्थितियों का रियल-टाइम विश्लेषण
- डेटा-ड्रिवन सुरक्षित ड्राइविंग सिस्टम

### मोहित यादव ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा

इस परिवर्तनकारी वैश्विक संवाद का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। यह मंच विकसित भारत के विज़न को साझा करने और विश्वभर के नेताओं के साथ सहयोग का अवसर देता है।

### ये सम्मान मिल चुके हैं

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार 2025
- भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार द्वारा भारत के युवा टेकप्रेन्योर 2023
- इकोनॉमिक टाइम्स समूह द्वारा उभरता हुआ स्टार्टअप ऑफ़ द ईयर 2023
- रोड और ट्रांसपोर्ट मंत्री नितिन गडकरी द्वारा इनोवेटिव स्टार्टअप ऑफ़ द ईयर 2023
- पूर्व मुख्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा हरियाणा गौरव पुरस्कार 2023
- स्टार्टअप इंडिया द्वारा टेक स्टार्टअप ऑफ़ द ईयर 2022
- बॉलीवुड अभिनेत्री सोहा अली खान द्वारा एंटरप्रेन्योर ऑफ़ द ईयर 2020
- बॉलीवुड अभिनेत्री मंदिरा बेदी द्वारा एंटरप्रेन्योर ऑफ़ द ईयर 2021
- मलाईका अरोड़ा द्वारा एक्सीलेंस इन टेक्नोलॉजी इन आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस 2021
- आईआईटी रुड़की और आईआईटी इंदौर में दो बार स्पीकर
- एक साल में सबसे अधिक पेटेंट दाखिल करने के लिए भारत सरकार का पुरस्कार
- टाटा मोटर्स समूह से 50 करोड़ और फ्यूचर राइवेल्स मोटर्स से 1 करोड़ का निवेस

## अब पर्दे पर दिखेगा सोमनाथ मंदिर का इतिहास, संजय लीला भंसाली बनाएंगे फिल्म

गंगूबाई काठियावाड़ी, बाजीराव मस्तानी, राम लीला, और ब्लैक जैसी फिल्में बनाने वाले संजय लीला भंसाली नई पीरियड ड्रामा फिल्म के साथ बॉक्स ऑफिस पर फिर से दस्तक देने के लिए तैयार हैं। इस बार फिल्म कोई लव स्टोरी या युद्ध नहीं है, बल्कि सनातन धर्म पर हुए प्रहार और आस्था को बचाने वाले लोगों के खून से लिखी गई है। निर्देशक ने अपकमिंग फिल्म जय सोमनाथ की पहली झलक शेयर की है, जिसे देखकर रोंगटे खड़े होना तय है। केतन मेहता के निर्देशन में बन रही जय सोमनाथ की पहली झलक मेकर्स ने रिलीज कर दी है। वीडियो में पहले सोमनाथ मंदिर को ध्वस्त होते हुए दिखाया गया है, लेकिन फिर धूल के पीछे नए सोमनाथ मंदिर की झलक दिख रही है। वीडियो से साफ है कि इस बार भंसाली प्रोडक्शन में बन रही फिल्म इतिहास को दोबारा जिंदा कर देगी। वीडियो को शेयर कर कैप्शन में लिखा गया, मंदिर तोड़ा जा सकता है, लेकिन आस्था को नहीं। संजय लीला भंसाली प्रस्तुत करते हैं- जय सोमनाथ, निर्देशन- केतन मेहता। फिल्म 2027 में रिलीज होगी, लेकिन अभी तक फिल्म की स्टारकास्ट और रिलीज डेट का एलान नहीं हुआ है। बता दें कि साल 1025-1026 ईस्वी में भारत पर कई बार आक्रमण करने वाले गजनवी ने गुजरात के सोमनाथ मंदिर को निशाना बनाया था और मंदिर के शाही खजाने को खाली कर दिया था। गजनवी यहीं नहीं रुका, उसने मंदिर को नुकसान पहुंचाया और शिवलिंग को खंडित करने की कोशिश की, लेकिन यह मंदिर सिर्फ आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि सनातन धर्म के उस हौंसले का प्रतीक है, जो गिरकर दोबारा खड़े होने की ताकत रखता है। इसी साल मंदिर के विध्वंस को 1000 साल पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर पूरे देश में सोमनाथ के इतिहास और महिमा की व्याख्या की गई थी। भंसाली की फिल्म भी पर्दे पर दोबारा इतिहास के पन्ने पलटने के लिए तैयार है। जय सोमनाथ के अलावा, संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर भी आ रही है जिसमें रणबीर कपूर और आलिया भट्ट दोनों लीड रोल में हैं, लेकिन फिल्म की रिलीज डेट को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। कहा जा रहा है कि फिल्म 2026 के अंत में रिलीज होगी।

## मैं हूं के लिए कुनिका ने लुटाया बेटे अयान लाल पर प्यार, मेहनत देख हुईं गदगद



भारत और चीन की गलवान घाटी पर हुई झड़प पर आधारित सलमान खान और चित्रांगदा की फिल्म बैटल ऑफ गलवान का नया रोमांटिक सॉन्ग सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है। गाना 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज किया गया था, लेकिन क्या आप जानते हैं कि गाने को किसने गाया और लिखा? मैं हूं को अभिनेता की कोस्टार रहीं कुनिका सदानंद के बेटे अयान लाल ने लिखा और गाया है। अब गाने के मैसिव हिट होने के बाद कुनिका ने बेटे की जमकर तारीफ की है और उन्हें भविष्य में होने वाली परेशानियों से लड़ने के लिए मजबूती से तैयार कर रही हैं। कुनिका ने अकेले ही अयान की परवरिश की और 90 के दशक में फिल्मों की शूटिंग के साथ बेटे की परवरिश भी की। अभिनेत्री ने हर मां की तरह हमेशा चाहा कि उनके बेटे के सारे सपने पूरे हों। उन्होंने आज अपने बेटे से किया एक वादा पूरा कर लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जब भी मैं मैं हूं सुनती हूं, मुझे सिर्फ एक गाना नहीं सुनाई देता, मुझे एक वादा सुनाई देता है। एक वादा जो मैंने उस दिन किया था जब तुम मेरी गोद में आए थे। मेरे प्यारे बेटे अयान लाल, यह गाना मेरे और तुम्हारे दिल के बीच की बातचीत जैसा लगता है। जब दुनिया बहुत शोरगुल भरी, कठोर और उलझन भरी लगे, मैं चाहती हूं कि तुम बस दो सरल शब्द याद रखो, मैं हूं। उन्होंने पोस्ट में अयान का हौसला भी बढ़ाया है और हमेशा पीछे रहकर सुरक्षा करने का वादा किया है। अभिनेत्री का कहना है कि वे जब भी गिरेंगे या सफल होंगे, पीछे मुड़कर देखने पर वहीं नजर आएंगी। कुनिका का पोस्ट सामान्य पोस्ट नहीं है, बल्कि एक मां और बेटे के रिश्ते की गहराई की कहानी है जिससे पता चलता है कि वे एक दूसरे से कितने जुड़े हैं। कुछ दिन पहले ही सोशल मीडिया पर कुनिका ने बेटे और उनके खिलाफ किए गए भद्दे पोस्ट का करारा जवाब दिया था। सोशल मीडिया पर उनके बेटे के चेहरे को सिंगर कुमार सोनू से मिलाते हुए उन्हें उनका बेटा बताया जा रहा था। अभिनेत्री ने रिएक्ट करते हुए लताड़ लगाई थी और यूजर को हद में रहने की सलाह दी थी।

## अनूप जलोटा करेंगे 20 फरवरी को कला साधकों का अभिनंदन



भारतीय संगीत, भक्ति और संस्कृति की समृद्ध परंपरा को समर्पित जलोटा वेलफेयर फाउंडेशन एक बार फिर कला साधकों के सम्मान का भव्य उत्सव लेकर आ रहा है। 20 फरवरी 2026 को इस्कॉन मंदिर, जुहू (मुंबई) में आयोजित होने जा रहा है '14वां गौरव पुरस्कारङ्क2026', जिसमें देश की विशिष्ट एवं अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित समारोह अनुभवी एवं सुप्रसिद्ध भजन सम्राट पद्मश्री पं. पुरुषोत्तमदास जलोटा की पुण्य स्मृति को समर्पित है। उनकी आध्यात्मिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए पद्मश्री अनूप जलोटा ने आज सम्मानित विजेताओं के नामों की घोषणा की। स्वयं अनूप जलोटा वर्ष 2012 में भारतीय शास्त्रीय संगीत (गायन) में अतुलनीय योगदान के लिए पद्मश्री से सम्मानित हो चुके हैं। भजन सम्राट पद्मश्री पं. पुरुषोत्तमदास जलोटा संगीत सेवा पुरस्कार विश्वविख्यात शास्त्रीय संगीतकार, पद्मभूषण एवं ग्रैमी पुरस्कार विजेता पं. विश्वमोहन भट्ट को प्रदान किया जाएगा। भजन महर्षि पंडित हरिओम शरण भक्ति संगीत पुरस्कार सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका पद्मश्री डॉ. सोमा घोष को दिया जाएगा। पद्मश्री डॉ. रवींद्र जैन बहुमुखी प्रतिभा पुरस्कार प्रसिद्ध लोक एवं शास्त्रीय गायिका पद्मश्री श्रीमती मालिनी अवस्थी को प्रदान किया जाएगा। लोक संगीत की रानी कही जाने वाली मालिनी अवस्थी दादरा, ठुमरी, कजरी, चैती सहित अनेक हिंदुस्तानी संगीत शैलियों में समान रूप से निपुण हैं। मेधा जलोटा श्रेष्ठतम मेधावी नृत्य कलाकार पुरस्कार उभरते हुए प्रतिभाशाली नृत्य कलाकार श्री गौतम मराठे को प्रदान किया जाएगा। वे गुरु श्री वैभव अरेकर के शिष्य हैं और भारतीय शास्त्रीय कलाकारों के लिए आंगिका नामक विशेष फिटनेस मॉड्यूल के डिज़ाइनर भी हैं। इस भव्य समारोह का आयोजन एवं प्रबंधन तथास्तु प्रोडक्शंस द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम शुक्रवार, 20 फरवरी 2026, को इस्कॉन मंदिर, जुहू, मुंबई में शाम 7 बजे से आरंभ होगा।



## थकान दूर कर मन को तरोताजा करती है सौंफ की चाय



दिनभर की थकान, ऑफिस का तनाव या पीरियड्स के दौरान होने वाली पेट की ऐंठन और सूजन से राहत पाने के लिए सौंफ की चाय एक असरदार घरेलू उपाय मानी जाती है। स्वाद में हल्की मीठी और सुगंधित यह चाय सूखी सौंफ के बीजों से तैयार की जाती है और सेहत के लिए कई तरह से लाभकारी है। सौंफ को लंबे समय से पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद माना जाता है। इसकी चाय पेट दर्द, गैस, ब्लोटिंग और अपच जैसी समस्याओं में आराम दिला सकती है। सौंफ में मौजूद प्राकृतिक तत्व गैस बनने की समस्या को कम करते हैं, पेट की ऐंठन को शांत करते हैं और पाचन प्रक्रिया को बेहतर बनाते हैं। खासतौर पर जिन लोगों को इरिटेबल बाउल सिंड्रोम जैसी पुरानी पाचन संबंधी दिक्कतें होती हैं, उनके लिए यह चाय राहतकारी हो सकती है। गर्म पानी के साथ सौंफ के गुण मिलकर आंतों को आराम पहुंचाते हैं और सूजन कम करने में मदद करते हैं। सुबह की यह हेल्दी ड्रिंक सेहत को रखेगी दुरुस्त, तन मन को फिट रखने के लिए ऐसे करें सेवन नियमित रूप से सौंफ की चाय पीने से पाचन तंत्र मजबूत होता है और रोजमर्रा की असहजता में कमी आती है। भोजन के बाद या पेट भारी लगने पर एक कप सौंफ की चाय पीना आसान और प्रभावी उपाय हो सकता है। आयुर्वेद के अनुसार सौंफ में एंटीऑक्सीडेंट, एंटीबैक्टीरियल और दर्द निवारक गुण पाए जाते हैं। यह पित्त दोष को संतुलित करने में सहायक मानी जाती है। सौंफ न केवल गैस, कब्ज और अपच में राहत देती है, बल्कि थकान कम कर मन को तरोताजा रखने में भी मदद करती है। यह सूजन घटाने, सांस संबंधी तकलीफ में आराम देने और शरीर से अतिरिक्त पानी बाहर निकालने में भी सहायक हो सकती है। नियमित सेवन से वजन संतुलन, हार्मोनल संतुलन और त्वचा की चमक में भी सुधार देखा जा सकता है। सौंफ की चाय बनाने के लिए एक चम्मच सौंफ के बीज को एक कप पानी में 5-10 मिनट तक उबालें। छानकर गर्मागर्म पिएं। स्वाद बढ़ाने के लिए थोड़ा शहद मिलाया जा सकता है। हालांकि इसका अत्यधिक सेवन न करें।

## रोज़ सरदाना-जेसी लीवर की हाई-वोल्टेज मुलाक़ात ने बढ़ाई धड़कनें



एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में कभी-कभी सबसे बड़ी ख़बरें रेड कार्पेट पर नहीं, बल्कि एक साधारण से कैफ़े टेबल पर जन्म लेती हैं। हाल ही में ऐसा ही कुछ देखने को मिला, जब अभिनेता रोज़ सरदाना और जेसी लीवर को एक लोकप्रिय कैफ़े से साथ निकलते देखा गया। कोई फ्लैश नहीं, कोई बयान नहीं। बस एक शांत मुलाक़ात, जिसने इंडस्ट्री के गलियारों में शोर मचा दिया। सूत्रों का मानना है कि यह मुलाक़ात महज़ दोस्ताना बातचीत नहीं थी। बदलते कंटेंट परिदृश्य में, जहाँ फिल्म और डिजिटल प्रोजेक्ट्स के लिए क्रिएटिव माइंड्स अनौपचारिक बैठकों में ही दिशा तय करते हैं, इस कैफ़े मीटिंग को शुरुआती विचार-विमर्श का संकेत माना जा रहा है। रोज़ सरदाना, जो हाल ही में भूल भुलैया 3 और एक चतुर नार जैसी चर्चित परियोजनाओं में नज़र आ चुकी हैं, इन दिनों मेनस्ट्रीम के साथ-साथ कंटेंट-ड्रिवन रोल्स को लेकर सुर्खियों में हैं। वहीं, जेसी लीवर अपनी मज़बूत स्क्रीन प्रेज़ेंस और रोल्स के चयन में दिखती ताज़गी के लिए पहचाने जाते हैं। ऐसे में, दोनों नामों का एक साथ जुड़ना स्वाभाविक रूप से उत्सुकता बढ़ाता है। हालांकि इस स्पॉटिंग पर न तो रोज़ और न ही जेसी की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया आई है, लेकिन फैन्स और इंडस्ट्री इनसाइडर्स पहले ही कड़ियाँ जोड़ने लगे हैं। आज के दौर में, जब कई बड़े प्रोजेक्ट्स की नींव चुपचाप रखी जाती है, यह मुलाक़ात किसी आने वाले ऐलान का पहला इशारा हो सकती है।



## दामाद-बेटी संग लंच करने निकले दिग्गज एक्टर प्रेम चोपड़ा

हिंदी सिनेमा के दिग्गज एक्टर प्रेम चोपड़ा आज भी फैंस के बीच खास पहचान रखते हैं। 90 साल की उम्र में भी वह अक्सर परिवार के साथ समय बिताते नजर आते हैं। इसी बीच हाल ही में उन्हें अपनी बेटी प्रेरणा और दामाद शरमन जोशी के साथ मुंबई में लंच के लिए बाहर जाते देखा गया। मुंबई में एक रेस्टोरेंट के बाहर प्रेम चोपड़ा को पैपराजी ने कैमरे में कैद किया। इस दौरान शरमन जोशी अपने ससुर का हाथ थामे हुए नजर आए। वह उन्हें बड़े प्यार और जिम्मेदारी के साथ अंदर ले जाते दिखे और बाहर निकलते समय भी उनका सहारा बने रहे। तस्वीरों और वीडियो में साफ दिखाई दिया कि शरमन अपने ससुर का पूरा ध्यान रख रहे हैं। यह पहली बार नहीं है जब शरमन जोशी को प्रेम चोपड़ा का ख्याल रखते हुए देखा गया हो। इससे पहले भी कई मौकों पर वह अपने ससुर के साथ स्पॉट किए गए हैं। दोनों के बीच मजबूत पारिवारिक रिश्ता साफ झलकता है। शरमन अक्सर एक बेटे की तरह प्रेम चोपड़ा की जिम्मेदारी निभाते नजर आते हैं। दिसंबर 2025 में प्रेम चोपड़ा की तबीयत अचानक खराब हो गई थी। उस समय शरमन जोशी ने सोशल मीडिया के जरिए फैंस को उनकी सेहत के बारे में जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि प्रेम चोपड़ा को 'एओर्टिक स्टेनोसिस' नाम की दिल से जुड़ी बीमारी हो गई है। हालांकि, कुछ दिनों के इलाज के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी।



## कशिका कपूर के पावर रेड का जादू

कुछ लुक्स सिर्फ दिखते नहीं, महसूस भी होते हैं और कशिका कपूर का हालिया रेड ब्लेज़र अवतार ठीक वैसा ही है। यह लुक सिर्फ फैशन की बात नहीं करता, बल्कि आत्मविश्वास, महत्वाकांक्षा और मॉडर्न फेमिनिनिटी की कहानी कहता है। बोल्ड क्रिमसन शेड में सटीक टेलरिंग वाला यह ब्लेज़र उनके व्यक्तित्व को दमदार और एलिगेंट दोनों बनाता है। क्लीन मेकअप और मिनिमल एक्सेसरीज़ के साथ स्टाइल किया गया यह लुक रंग को पूरी तरह से स्पॉटलाइट में लाता है। यह रेड ब्लेज़र सिर्फ फैशन नहीं, बल्कि एक मूड है, फियरलेस, फोकस्ड और फैशन-फॉरवर्ड। आज के दौर में, कशिका कपूर का यह लुक साबित करता है कि सच्चा स्टाइल वही है जो भीतर की ताक़त को बाहर लाए।

## कब्ज से राहत दिला सकता है यह एक नुस्खा, चेहरे को भी मिलेगी प्राकृतिक चमक

आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में लोगों को समय पर और व्यवस्थित ढंग से भोजन करने का अवसर तक नहीं मिल पाता। कई बार ऐसा होता है कि व्यक्ति संतुलित आहार तो लेता है, लेकिन इसके बावजूद शरीर में कमजोरी, सुस्ती और भारीपन की शिकायत बनी रहती है। इसका प्रमुख कारण खराब पाचन तंत्र हो सकता है। यदि भोजन ठीक से नहीं पचता, तो उसके पोषक तत्व शरीर को पूरी तरह नहीं मिल पाते। ऐसी स्थिति में भोजन पेट में रुककर सड़ने लगता है, जिससे शरीर को अपेक्षित ऊर्जा और पोषण नहीं मिल पाता। स्पष्ट है कि केवल संतुलित आहार लेना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसका सही तरीके से पचना भी उतना ही आवश्यक है। जब पाचन प्रक्रिया कमजोर हो जाती है, तो पेट से जुड़े विभिन्न रोग सिर उठाने लगते हैं। गैस, अपच और कब्ज जैसी समस्याएं न केवल शारीरिक असहजता पैदा करती हैं, बल्कि मानसिक स्थिति पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती हैं।

आयुर्वेद में पेट से जुड़े रोगों के लिए कई रामबाण तरीके बताए गए हैं, लेकिन आयुर्वेद का मानना है कि बिना किसी दवा के पेट की पाचन अग्नि को सही किया जा सकता है। इसके लिए जरूरी है खीरे की सलाद। आमतौर पर सभी लोग खीरे की सलाद का सेवन करते हैं, लेकिन बहुत कम लोग ही जानते हैं कि उसके सेवन से पेट से जुड़े सभी तरह के रोगों से राहत मिलती है। रोज़ 1 कटोरी खीरा सलाद खाना पाचन सुधारने में सहायक माना जाता है। खीरे में खूब सारा पानी, फाइबर, पोटेशियम और एंटीऑक्सीडेंट मौजूद होते हैं, जो पेट को साफ करने और कब्ज को तोड़ने का काम करते हैं। इतना ही नहीं, खीरे का पानी शरीर की शुष्कता को कम करता है और आंतों को लुब्रिकेट करता है, जिससे मल त्यागने में परेशानी नहीं होती है। अब सवाल है कि खीरे की सलाद का सेवन कब करना चाहिए। दोपहर के भोजन में 1 कटोरी ताजा खीरे की सलाद ले सकते हैं। चाहें तो थोड़ा नींबू और काला नमक मिलाएं और हफ्ते में 4 दिन आहार में शामिल जरूर करें। इसके साथ ही कोशिश करें कि ज्यादा नमक न डालें और अगर खीरा फ्रिज में स्टोर था तो सामान्य तापमान आने पर ही खीरे का सेवन करें। खीरा पाचन शक्ति को बढ़ाने के अलावा, स्किन और बालों को चमकदार बनाने में भी मदद करता है। गर्मियों के मौसम में स्किन की ड्राईनेस को कम करने के लिए खीरे का सेवन और लेपन थकान को दूर करता है और चेहरे को प्राकृतिक ग्लो भी देता है। -



प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com